<u>**लोक सभा**</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1180

11 फरवरी, 2019 को उत्तर के लिए

एफएसएनएल में अनियमितताएं

1180. श्री राजेश वर्माः

क्या इस्पात मंत्री 17 दिसंबर, 2018 के अतारांकित प्रश्न संख्या 984 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) के विरुद्ध भर्ती और निविदा-प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार की 48 शिकायतों का भर्ती-वार और निविदा-प्रक्रिया-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) एफएसएनएल के एमडी के विरुद्ध भ्रष्टाचार की ऐसी 29 शिकायतों पर की-गई-कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और बाकी 19 शिकायतों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) एमडी के विरुद्ध कथित भ्रष्टाचार की शिकायतें दर्ज करने वाले अधिकारियों/सूचना प्रदाताओं के नाम और ब्यौरा क्या है; और

(घ) उपर्युक्त शिकायतों के आधार पर सरकार द्वारा एमडी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है/किए जाने का प्रस्ताव है?

<u>**उत्तर**</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): 48 शिकायतों में लगाए गए आरोपों में, स्थानांतरण में अनियमितताओं, पदस्थापन और कुशल तथा अकुशल लोगों को काम पर रखना आदि जैसे प्रशासनिक स्वरूप की तथा निविदा प्रक्रिया और उपकरण लेने में वित्तीय अनियमितताओं सहित विभिन्न प्रक्रियाएं निहित थी। 29 शिकायतों पर जाँच की गई और आरोप निराधार पाए गए। शेष 19 शिकायतों में से 12 शिकायतों पर कार्रवाई पूर्ण की जा चुकी है।

(ग): यह जानकारी व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट, 2014 के प्रावधानों के तहत निषिद्ध है।

(घ): जी नहीं।

****